## GOOD न्यूज 1 सरकार को प्रदेश में निवेश के ₹12.16 लाख करोड़ के प्रस्ताव मिले


# सोलर एनर्जी और टूरिजम कंपनियों को भा रहा है UP

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लाई गई अलग-अलग पॉलिसीज का असर अब दिखने लगा है। राज्य सरकार को अलग-अलग पॉलिसी के जरिए प्रदेश में ₹12.16 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले है। इनमें से सबसे अधिक निवेश प्रस्ताव इंडस्ट्रियल और सोलर एनर्जी पॉलिसी के तहत मिले है। आंकड़ों के मुताबिक ₹12.16 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों में से ₹3.68 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव सोलर एनर्जी सेक्टर में मिले है। वहीं, इंडस्ट्रियल पॉलिसी के तहत ₹4.53 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले है। मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए ₹1.29 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव राज्य सरकार को मिले है। ग्रीन हाइड्रोजन सेक्टर में निवेश के लिए राज्य सरकार को ₹96,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले है।

**कंपनियों को LoC इश्यू करने में IT विभाग सबसे आगे :** निवेश प्रस्ताव देने वाली कंपनियों को LoC (लेटर ऑफ कंफर्ट) इश्यू में सबसे आगे आईटी विभाग है। डेटा सेंटर पॉलिसी के तहत राज्य सरकार को 8 प्रस्ताव मिले, जिसमें से सभी 8 प्रस्तावों को LoC इश्यू कर दी गई है। वहीं सेमीकंडक्टर सेक्टर में तीन निवेश प्रस्ताव मिले है, जिनमें से दो को LoC इश्यू कर दी गई है। आईटी एवं आईटीईएस पॉलिसी के तहत 5 निवेश प्रस्तावों में से 4 निवेश प्रस्तावों को LoC इश्यू कर दी गई है।

AI Image



### यहां आ रहा सबसे अधिक निवेश

| सेक्टर | निवेश |
|---|---|
| सोलर एनर्जी | ₹3.68 लाख करोड़ |
| ग्रीन हाइड्रोजन | ₹96,000 करोड़ |
| डेटा सेंटर | ₹21,342 करोड़ |
| सेमीकंडक्टर | ₹35,897 करोड़ |
| टूरिजम | ₹42,227 करोड़ |
| वेयरहाउसिंग/लॉजिस्टिक्स | ₹1,416 करोड़ |
| एफडीआई | ₹26,319 करोड़ |

## अयोध्या, वाराणसी और मथुरा में बड़ा निवेश

उत्तर प्रदेश टूरिजम और न्यू एज सेक्टर इंडस्ट्रीज को भी खूब भा रहा है। सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर जैसी न्यू एज इंडस्ट्रीज ने प्रदेश में निवेश के लिए रुचि दिखाई है। टूरिजम पॉलिसी के तहत 2,499 आवेदन राज्य सरकार को मिले है। इसके जरिए करीब ₹42,227 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले है। इसमें बड़े पैमाने पर होटल खोले जाएंगे। इन प्रस्तावों में अयोध्या, वाराणसी, मथुरा में बड़ा निवेश आने की उम्मीद है। डेटा सेंटर पॉलिसी के तहत ₹21,342 करोड़ के निवेश प्रस्ताव राज्य सरकार को मिले है। सेमीकंडक्टर पॉलिसी में 3 आवेदन राज्य सरकार को मिले है, जिनके जरिए करीब ₹35,897 करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में आएगा। वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक्स पॉलिसी के तहत 73 निवेश प्रस्ताव मिले है, जिनसे ₹1416.17 करोड़ का निवेश प्रदेश में आएगा।

